# टेंडर खोलने की शर्तों में ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के मामले में जेडीए कमिश्नर ने रिपोर्ट मांगी

## जेडीए को अब तक हुआ 40 करोड़ का नुकसान, जांच रिपोर्ट से अब तक के सारे मामले सामने आएंगे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** रोड कट रिपेयर में ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से हो रही धांधली के खिलाफ जेडीसी आनंदी सक्रिय हो गई है। उन्होंने रोड कट रिपेयर में तीन साल की बजाय छह महीने कर ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा देने के मामले में सभी जोन के इंजीनियरिंग सेल से रिपोर्ट मांगी है।

जेडीसी आनंदी ने निदेशक इंजीनियरिंग को निर्देश दिए हैं कि अक्टूबर 24 से लेकर अब तक सभी जोनो में हुए रोड कट रिपेयर के कामों की रिपोर्ट दी जाए। जेडीए में रोड कट की डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड (डीएलपी) छह महीने कर ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा और जेडीए को नुकसान पहुंचाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। गत दिनों लगातार यह शिकायतें आ रही थी कि छह महीने के डिफेक्ट लाइबलिटी वाली रोड कट की सड़के मरम्मत होने के कुछ समय के बाद टूट जाती है। ठेकेदार अपने पेमेंट उठा लेते हैं और रोड टूटने के बाद जेडीए को यहां नवीनीकरण का काम करना पड़ता है।

### जोन 9 और 11 का मामला सामने आया

ताजा मामला अभी जोन 9 और 11 का है जिसमें रोड कट में ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा देने के लिए मिलीभगत का खेल खेला जा रहा है। इसका टेंडर भी खुल गया। इस टेंडर में तीन साल से समय घटा कर छह महीने कर दिया है। इससे ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा और जेडीए को नुकसान होगा।

जेडीए के विभिन्न जोनों में अभी तक रोड कट को रिपेयर करने के बाद उसे ठीक करने की जिम्मेदारी तीन साल तक सड़क बनाने वाले ठेकेदार की होती थी। इससे यह होता था कि ठेकेदार सड़क खराब भी बनाता था या कोई कमी रह जाती थी तो उसे ठीक करने का काम भी उसी को करना होता था। इससे जेडीए को नुकसान भी नहीं होता था। बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल जाती थी। जेडीए के कुछ जोनों में एक्सईएन ने अपने स्तर पर ही इस डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड को तीन साल से घटा कर छह महीने कर दिया है। जेडीए को जोन 9 और जोन 11 में रोड कट के करोडों रुपए के टेंडर हुए हैं जो आजकल में खुलने हैं। इन टेंडर में सिर्फ छह महीने डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड रखा है जबकि यह तीन साल का होना चाहिए।

### सड़क बार-बार टूटने के बाद जेडीए सुधारेगा

रोड कट को ठीक करने के छह महीने बाद सड़क टूटती है तो उसे ठीक करने की जिम्मेदारी जेडीए की होगी। ठेकेदार तो अपना भुगतान लेकर निकल जाएगा। उसके बाद सड़क टूटने पर जेडीए को अपने खर्च पर सड़क ठीक करनी होगी। इस तरह करोड़ों रुपए जेडीए को खर्च करने होगे। सड़क को ठीक करने में किस तरह का मैटेरियल लगाया जा रहा है, क्या-क्या कमियां छोड़ी जा रही है। इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा और ठेकेदार लीपापोती करके निकल लेगा।

### यह कमियां निकली

हाल ही में जेडीए के जोनों में हुए रोड कट छह महीने भी नहीं चले हैं। अलग अलग जोन में पानी की लाइन डालने के बाद जब इन कट को रिपेयर करने के छह महीने में ही टूटने लगे तो ठेकेदार को ही इसे ठीक करना पड़ रहा है। ठेकेदार लीपापोती करके नहीं निकल सकता।

उसे मजबूरी में यह सड़क ठीक करनी होगी और गुणवत्ता भी सुधारनी होगी। अब ठेकेदार इस जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। इस कारण ये रोड कट की अवधि कम करके छह महीने में ही कराना चाहते हैं जिससे भविष्य में रोड कट का जिम्मेदारी नहीं रहे।

### मिट्टी पूरी नहीं, सड़के रह जाती है पोली

ऱोड कट को रिपेयर करते समय पहले गड्ढो को मिट्टी से भर दिया जाता है लेकिन ठेकेदारउसमें पानी नहीं छोड़ते जिससे मिटटी नहीं बैठती और पोली रह जाती है। ढंग से रोलर नहीं चलाया जिससे मिट्टी बैठ नहीं पाई।

इससे सड़क पोली रह जाती है। कभी भी भारी वाहन चलने से बैठ सकती है या कोई बड़ा गड्ढा भी हो सकता है।

### इस तरह काम होना चाहिए जो नहीं होता

सड़क बनाने में मिट्टी भरने के बाद जीएसबी डब्लूएमएम डाली जाती है जो यह डेढ फुट तक डालनी होती है। पूरी तरह नहीं डाली जाती। इसके बाद डब्लूएमएम को रोड से 90 एमएम नीचे रखना होता है पूर्व बनी हुई रोड से। वो काम भी नहीं किया जाता। इसके बाद डीबीएम 50 एमएम डालनी होती है थी जो नहीं डाली जाती । डीबीएम में डामर भी मामूली सी डालते हैं। इसमें बिटुमिन कंक्रीट डाली जाती है।

### इनका कहना है

टेंडर तो खोल दिए हैं। हमारे को एक मीटर के रोड कट के रिपेयर के बाद 80 फीट चौड़ी सड़क में रिन्यूअल की जरूरत ही नहीं है। ठेकेदार को सही तरीके से काम करना पड़ेगा। इसके लिए निगरानी रखेंगे। रोड कट रिपोयर में छह महीने की ही डीएलपी है, इसके बाद अगर रोड टूटती है तो फिर रिन्यूअल ही करके सुधारा जा सकता है। नई गाईडलाइन आएगी तो उसी के हिसाब से काम करेंगे।

**पवन कुमार,**
**एक्सईएन जोन 11 जेडीए**

## सार-समाचार

### पिकअप चोरी करने वाले गिरोह का सरगना तीन साथियों सहित गिरफ्तार



**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिकअप चोरी करने वाले गिरोह के सरगना को अपने तीन साथियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गई तीन पिकअप के पार्टस, इंजन-चेसिस और बॉडी बरामद की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित सरगना डिमांड पर पिकअप चोरी कर बेचता था। साथ ही वर्कशॉप में पिकअप के पाट्र्स करने के लिए कटिंग हब बना रखा था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पश्चिम) अमित कुमार बुडानिया ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिकअप चोरी करने वाले गिरोह के सरगना सुनील कुमार सैनी (35) निवासी सुलताना झुंझुनूं हाल सुदामापुरी कॉलोनी हरमाड़ा, लालराम सैनी (35) निवासी पावटा रोड विराट नगर हाल विराट नगर, ओमप्रकाश कुमावत (45) निवासी गांव खोरी शाहपुरा हाल संचालक कुमावत डीजल वर्कशॉप शाहपुरा और संजय जांगिड़ उर्फ संजू जांगिड़ (31) . निवासी अजीतगढ जिल्ला सीकर हाल श्रीराम वाटिका शाहपुरा हाल संचालक श्री विश्वकर्मा मोटर बॉडी वर्कशॉप शाहपुरा को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर पिकअप चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इसके साथ ही एक पिकअप सहित उसमें रखी 30 आटा चक्की को भी चोरी करना कबूला। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी गई 3 पिकअप के पाट्र्स, इंजन, चेसिस, बॉडी बरामद की। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि सरगना सुनील कुमार के खिलाफ 29 प्रकरण दर्ज है। विश्वकर्मा एरिया में मजदूरी करने वाला सुनील बचपन से ही चोरी करता आ रहा है। विराटनगर और शाहपुरा के मोटर गैराज मालिकों की डिमांड पर रैकी कर पिकअप चोरी करता और टोल प्लाजा से बचते हुए कच्चे रास्तों से पिकअप को गैराजों में पहुंचकर बेच देता था। गौरतलब है कि हरमाड़ा इलाके में घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरी हो गई। थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी गई पिकअप का पीछा करते हुए पुलिस टीम जाटावली इंडस्ट्रीज एरिया पहुंची। मुखबिर से सूचना प्राप्त करने पर पिकअप चोरी में सक्रिय चालानशुदा बदमाश सुनील कुमार का पता चलने पर आरोपी सुनील सहित उसके तीन साथियों को पकड़ा।

### सोलर कंपनी की एजेंसी दिलाने के नाम पर युवक से 20 लाख रु.ठगे

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना इलाके में सोलर कंपनी की एजेंसी दिलाने के नाम पर एक युवक से 20 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार कुंदनपुरा निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि रोहिताश चौधरी ने उसे नूतन सूर्या सोलर पावर कम्पनी की एजेंसी दिलाने का झांसा दिया और उससे कई बार में 20 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपी ने उसे एजेंसी नहीं दिलवाई। आरोपी अब रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इससे परेशान होकर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस कमिश्नर को अपशब्द बोलने वाला पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ सहित कई पुलिसकर्मियों को अपशब्द बोलने वाले पुलिस कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह को विधायकपुरी थाना पुलिस ने सोमवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस कांस्टेबल सुरेन्द्र ने अपने सोशल मीडिया पर बीस मार्च को एक वीडियो पोस्ट कर छह पुलिस अधिकारियों सहित एक निजी व्यक्ति के खिलाफ गलत टिप्पणी की थी। इस पर हरजी खटीक की ओर से विधायकपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर आरोपी पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त अशोक नगर बालाराम चौधरी ने बताया कि आरोपी पुलिस कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह ने बीस अधिकारियों को अपशब्द कहे थे। हरजी खटीक की ओर से विधायकपुरी थाने में एक एफआईआर दर्ज कराई गई। आरोपी पुलिस पुलिस कांस्टेबल सुरेन्द्र को घटना के बाद सस्पेंड कर दिया गया था। वह लाइन में ड्यूटी दे रहा था। पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी इस प्रकार की कई शिकायत सामने आई हैं। इनकी जांच की जा रही है। वहीं आरोपी पुलिस कांस्टेबल से पूछताछ की गई तो उसने नशे में होना कारण बताया। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर पुलिस कांस्टेबल ने इतने गंदे शब्दों का इस्तेमाल सोशल मीडिया पर कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्यों किए। आखिर वह किस बात को लेकर यह जो बोल रहा था। इस पर जांच की जा रही हैं।

### साइबर ठगों ने ठगे 5.78 लाख

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना इलाके में साइबर ठगों ने झांसे में लेकर एक युवती से 5.78 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार विद्याधर नगर निवासी दयाशंकर गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी के मोबाइल पर घर बैठे रुपए कमाने का एक लिंक सोशल मीडिया पर आया। झांसे में आकर उसकी बेटी ने लिंक पर क्लिक किया और आरोपियों के बताए अनुसार टारगेट को पूरा करना शुरू कर दिया। इस प्रकार कई बार में आरोपियों ने उसकी बेटी से ऑनलाइन 5.78 लाख रुपए डलवा लिए। ठगी का पता चलने परपरिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया।

## टायर चैक करने के दौरान पिकअप ने टैंकर चालक को कुचला

**जयपुर।** अजमेर रोड पर बढ़ारणा पुलिया के पास मंगलवार शाम एक तेज रफ्तार पिकअप ने टैंकर चालक को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला। चालक टैंकर का टायर चेक कर रहा था इसी दौरान पिकअप ने उसे टक्कर मारी थी। हिट एण्ड रन मामले की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पश्चिम कर रही है। पुलिस हादसे के बाद फरार पिकअप और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गुजरात निवासी 45 वर्षीय मनूभाई ठाकुर पुत्र बाबू भाई टैंकर लेकर जा रहा था इसी दौरान मंगलवार शाम वह बढ़ारणा पुलिया के पास टैंकर का टायर चैक करने के लिए रुका। टायर चेक कर ही रहा था कि एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## जयपुर में महिला सम्मेलन के साथ हुआ राजस्थान दिवस समारोह का आगाज

**जयपुर।** महिला सम्मेलन के साथ राजस्थान दिवस समारोह का भव्य आगाज हुआ। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

- **कार्यक्रम में जिला प्रमुख ने 20 मेधावी बालिकाओं को स्कूटी की सौगात दी। साथ ही 100 महिलाओं को इंडेक्शन कूकर टॉप का वितरण किया**

इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के विकास में आधी आबादी की पूरी भागीदारी है। लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना जैसी राजस्थान सरकार की योजनाएं महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित हो रही है। राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में बुधवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।




**महिला सम्मेलन के साथ राजस्थान दिवस समारोह का आगाज हुआ। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के आयोजन में जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा और जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी मौजूद थे।**

कार्यक्रम के दौरान बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से भागीदारी सुनिश्चित की गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने 20 मेधावी बालिकाओं को कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत स्कूटी की सौगात दी। साथ ही 100 महिलाओं को इंडेक्शन कूकर टॉप का भी वितरण किया गया। वहीं, इस दौरान पीएम सर्य घर योजना, जयपुर पंच गौरव, जयपुर सक्षम अभियान, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य स्टॉल्स भी आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनीं रहीं। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार जैन, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी तादाद में महिलाएं मौजूद रहीं।

## मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को पकड़ा है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रुपये से अधिक कीमत के 74 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए है।

वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित सूनसान जगहों पर राहगीरों से मोबाइल और रुपये छीनने थे। सभी आरोपी अव्वल दर्जे के लुटेरे है। जो टारगेट तय कर वारदात को अंजाम देते है और फिर लूटे गए मोबाइलों को एकत्रित कर साइबर अपराध करने वाले को यूपी में डिलिवरी करते है। इसके अलावा आरोपित हाईवे पर ट्रक से सामान गिरने की कहकर ट्रक को रूकवाते है और चालक के पीछे चले जाने पर मोबाइल और रुपये लेकर फरार हो जाते है।



**शास्त्री नगर थाना पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को पकड़ा है।**

फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले गिरोह के कासिम अली उर्फ किटाणु और शाहरुख उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। दोनो ही आरोपित रामगढ़ जिला फिरोजाबाद (यूपी )हाल भट्टा बस्ती जयपुर के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 लाख रुपये से अधिक कीमत के 74 मोबाइल फोन भी बरामद किए है।

## घर में अकेला पाकर पड़ोसी ने किया बच्ची से दुष्कर्म

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में घर में अकेला पाकर पड़ोसी ने आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विरोध करने पर बच्ची के साथ मारपीट कर भाग गया। थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मुहाना के रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी आठ वर्षीय बेटी के साथ आरोपी पड़ोसी ने गंदी हरकत की। एक ही जगह काम करने के दौरान आरोपी का घर आना-जाना था। घर में अकेला मिलने पर आरोपी ने उनकी बच्ची के साथ गलत काम किया। बच्ची के विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की। गलत हरकत के साथ ही मारपीट कर आरोपी बच्ची के रोने पर चुपचाप वहां से भाग गया। परिजनों के आने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। आरोपी परिचित की करतूत का पता चलने पर नाबालिग पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिवहन कार्यालय जयपुर ने जब्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया शुरू की

**जयपुर।** परिवहन कार्यालय जयपुर (द्वितीय) की ओर से राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 एवं राजस्थान मोटरयान कराधान नियम 1951 के तहत टैक्स में जब्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जहां आरटीओ जयपुर की ओर से संबंधित वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया है कि वह निर्धारित समय-सीमा के भीतर बकाया कर,पेनल्टी एवं अन्य देय शुल्क का भुगतान कर अपने वाहन को छुड़ाएं। ऐसे वाहनों को सार्वजनिक नीलामी में रखा जाएगा।

परिवहन कार्यालय जयपुर (द्वितीय) के जिला परिवहन अधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि राजस्थान राज्य में अन्य राज्यों में पंजीकृत ऐसे वाहन जो बिना नियमित कर (टैक्स) जमा कराए तीस दिवस से अधिक समय तक संचालित हो रहे हैं। उनके विरुद्ध परिवहन विभाग की ओर से राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 एवं राजस्थान मोटरयान कराधान नियम 1951 के तहत लगातार

- **संबंधित वाहन स्वामियों को जारी किए जा रहे है नोटिस**

प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में उड़न दस्तों ने ऐसे कई वाहनों को जब्त किया गया है। चौधरी ने बताया कि हालांकि जब्त किए गए कई वाहनों के स्वामियों ने अब तक निर्धारित कर,पेनल्टी एवं अन्य शुल्क जमा कर उन्हें रिलीज नहीं करवाया है। अत: विभाग की ओर से राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 एवं राजस्थान मोटरयान कराधान नियम 1951 के तहत इन वाहनों की सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आरटीओ जयपुर द्वितीय की ओर से संबंधित वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय में बकाया कर, पेनल्टी एवं अन्य का भुगतान कर अपने वाहन को छुड़ाएं।

## आगामी गर्मी में चिकित्सा संस्थानों में पुख्ता प्रबंधन के दिए निर्देश

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में गर्मी के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं हों। सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक एवं मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे।

खींवसर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी अस्पतालों में वाटर कूलर, एसी, पंखे आदि की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा आवश्यकतानुसार इनके मेंटीनेंस का कार्य जल्द करवाया जाए।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में होने वाली मौतें चिंता का विषय है। समय पर उपचार मिलने पर इन मौतों की संख्या को कम किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि




**चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की।**

परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां एम्बुलेंस वाहनों की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि घायलों को जल्द से जल्द उपचार मिल सके। उन्होंने डार्क जोन में आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया।

खींवसर ने कहा कि मा योजना गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए जीवनदायी योजना है। इस योजना का दायरा सरकार लगातार बढ़ा रही है। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में योजना के तहत आमजन को सुगमता से उपचार मिले। उन्होंने योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द से जल्द लागू किए जाने एवं नए पैकेज भी शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के समय-समय पर निरीक्षण की दृष्टि से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं और चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाएं, ताकि चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।

खींवसर ने कैंसर से होने वाली मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गांव-कस्बों में जागरूकता के अभाव में समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने से महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से मौत हो जाती है। कैंसर से होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग स्क्रीनिंग का दायरा निरंतर बढ़ाए। मोबाइल कैंसर वैन एवं शिविरों के माध्यम से गांव-गांव तक कैंसर की स्क्रीनिंग की जाए। संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए। चिकित्सा मंत्री ने आमजन को अस्पतालों में कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए पायटल प्रोजेक्ट के रूप में कांवटिया अस्पताल में शुरू किए गए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की सराहना करते हुए इसे अन्य बड़े अस्पतालों में भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करें।

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंख्या एवं अन्य मापदण्डों के अनुसार चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन का आकलन किया जाए और भर्ती के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि भर्तियों को लेकर विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के दृष्टिगत सभी जिलों को समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहीन अली खान, निदेशक आईईसी टी शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाला पुलिस के हत्थे चढा

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने व्यापारियों से ठगी करने के मामले में एक शातिर ठग को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपित हर 5-6 महीने अपने छिपने का ठिकाना बदल लेता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने व्यापारियों से ठगी करने के मामले में आरोपी संदीप कांसल उर्फ संदीप अग्रवाल उर्फ सन्नी अग्रवाल (36) निवासी नांगलोई दिल्ली हाल कानपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपित दिल्ली, गुरूग्राम, हरियाणा बिहार, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश में हर 4-5 महीने में ठिकाने बदलता रहता था। गिरफ्तार संदीप कांसल ने अपने नाम से और रिश्तेदारों के नाम से अलग-अलग फर्म बना रखी है। जिसमें व्यापारियों को जाल में फंसाकर उनके जीएसटी के बिल बनाता और सरकारी टेंडरों में माल लगाने के नाम पर व्यापारियों से माल खरीदकर अन्य जगह बेचान कर रुपए प्राप्त कर लेता है। जिसका पेमेंट व्यापारियों को नहीं करता था। वारदात के बाद अपना स्थान बदल देता और अपनी फर्म को भी बंद कर नई फर्म बना लेता था। अपने मोबाइल नंबर बदल कर दूसरी जगह जाकर निवास करने लग जाता था।

गौरतलब है कि सितंबर-2023 में रिको एरिया बिंदायका निवासी दिनेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी फर्म अरिहंत का एचडीपीई प्लास्टिक स्प्रिंकलर सिस्टम का निर्माण व विक्रय का व्यवसाय है। आरोपी संदीप कसंल ने बातों के जाल में फंसाकर सरकारी टेंडरों में माल लगाने के लिए 31 लाख 6 हजार रुपए के पाइप खरीद थे। जिसके बाद जयपुर व दिल्ली का ऑफिस बंद कर भाग गया। इस पर पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से आरोपित संदीप को जिला कानपुर (उत्तर प्रदेश) होना सामने आया है। इस पर एक टीम को कानपुर भेजा और आरोपित को डिटेन कर जयपुर लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।